इंदौर | शनिवार । 12 जुलाई 2025 । वर्ष 65 । अंक 158 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रीयता की प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 गुजरात में बार-बार पुल हादसे क्यों



5 उज्जैन से देवघर तक 'हर-हर महादेव'



8 रुट की सचिन के क्लब में एंट्री



9 यूपीआई ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान

# 12473 करोड़ का निवेश

**इंदौर, 11 जुलाई. एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में प्रदेश में 15 कंपनियों ने सरकार से 12473 करोड़ रुपए निवेश के एमओयू साइन किए है. उक्त एमओयू साइन करने के बाद प्रदेश 14 हजार लोगो को रोजगार मिलेगा. साथ ही प्रदेश सरकार ने शहरी के विकास के लिए 12460 करोड़ रुपए की राशि भी दी है. यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में निवेशकों को संबोधित करते हुए कही.**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव भविष्य में शहरों के विकास पर आयोजित की गई है. मेट्रो पॉलिटियन रीजन और शहर के मास्टर प्लान तैयार हो गया है. रियल स्टेट निवेश देश में पहले 3 प्रतिशत ग्रोथ थी , अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8.5 प्रतिशत हो गई है. प्रदेश में एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में कुल 30 हजार करोड़ के निवेश करने पर सहमति हो चुकी है.



सरकार ने प्रदेश में शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए 12360 करोड़ की राशि दी है. कॉन्क्लेव में कई कंपनियों के एमओयू साइन हो चुके है. उन्होंने कहा ,मैंने अधिकारियों के साथ अहमदाबाद और सूरत का दौरा किया है. प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में जो शहरी विकास की मिसाल पेश की है वो पेंटागान जैसी खुबसूरती का उदाहरण है. मैं आप निवेशकों से रियल स्टेट में चाहता हूं कि प्रदेश में ऐसे 10 शहर होना चाहिए. पीएम नरेंद्र मोदी अपने बलबूते पर आगे बड़ रहे है और मध्य प्रदेश सरकार मोदी के संकल्प को कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रही है. दिल्ली की मेट्रो मध्य प्रदेश की बिजली से चल रही है. मध्य प्रदेश के संसाधनों की वजह से देश और प्रदेश दोनों चल रहे है. आज मोदी के विजन का परिणाम है कि देश में प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ लोगो को छत दे चुके है . मध्यप्रदेश सरकार को 10 लाख नए मकान बनाने लक्ष्य दिया है. मध्य प्रदेश की 5 लाख किलोमीटर सड़के बनाई गई है. 37 मेडिकल कॉलेज बन गए है. देश में एक मात्र मध्य प्रदेश राज्य है , जिसने 5 हजार 2 दो सौ करोड़ रुपए का विभिन्न योजनाओं में कर्ज का भुगतान कर दिया है. मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि 20 साल पहले आईडीए ने सिंहस्थ के लिए एमआर 10 जैसी खूबसूरत सड़क बना कर दी थी. आज यह सड़क और ब्रिज 8 लेन होने जा रहे है. सौर ऊर्जा और सिंगल विंडो को भी बढ़ावा दिया है. 40 दिन में 100 एकड़ में टाउनशिप की अनुमति दे रहे है. मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की ओर से सभी निवेशकों का स्वागत करता हूं. आपको निवेश के लिए जिस प्रकार की आवश्यकता होगी , हमारी आपको सरकार देगी.

### इन कंपनियों ने निवेश के एमओयू साइन किए

हुडको के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ, पटेल इन्फ्रा के अरविंद विट्ठल भाई पटेल,टाटा प्रोजेक्ट्स से प्रीति पटेल, डापल मायर प्रफुल चौधरी, मेडुला सॉफ्ट के शांतनु शर्मा ,आईटीसी के आशीष पाल, एमकेसी इन्फ्रा केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप महित गोयल , राठी स्टील से ध्रुव राठी, होटल एसोसिएशन से सुमित सूरी , साई ग्रीन रितेश दास सहित कई बड़े निवेशकों ने निवेश करने के एमओयू साइन किए . उक्त उद्योगपतियों के साथ सीएम ने वन टू वन चर्चा भी की.

# भारत पर हुए नुकसान की पुष्टि नहीं

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की रणनीतिक सफलता, विदेशी अखबारों के दावे निराधार

**नयी दिल्ली,11 जुलाई. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ( एनएसए ) अजित डोभाल ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने इसे भारत की सामरिक सफलता करार देते हुए विदेशी मीडिया द्वारा फैलाए जा रहे नुकसान के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया. डोभाल ने साफ शब्दों में कहा कि यह ऑपरेशन एक सटीक रणनीति, पूर्ण योजना और तकनीकी श्रेष्ठता का प्रतीक था, जिसे महज 23 मिनट में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया.**

डोभाल ने यह बयान आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह के दौरान दिया. उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना और सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर पाकिस्तान के अंदर मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को सटीकता के साथ निशाना बनाया. ये ठिकाने सीमावर्ती क्षेत्र नहीं थे, बल्कि ऐसे स्थान थे जहाँ खुफिया रिपोर्ट्स के



आधार पर आतंकियों की मौजूदगी तय थी. उन्होंने कहा कि यह हमला पूरी तरह पूर्व-निर्धारित था और भारत ने एक भी लक्ष्य नहीं चूका. इस दौरान भारत की ओर से न तो किसी आम नागरिक को नुकसान हुआ और न ही कोई गैर-आवश्यक संपत्ति प्रभावित हुई.

डोभाल के बयान से यह स्पष्ट है कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य शक्ति का उदाहरण था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ उसकी निर्णायक नीति का भी मजबूत संकेत है.

डोभाल ने कहा कि हम इस बात पर गर्व करते हैं कि इस ऑपरेशन में स्वदेशी और अत्याधुनिक सिस्टम जैसे ब्रह्मोस, एकीकृत एयर कंट्रोल और कमांड सिस्टम और बैटलफील्ड सर्विलांस की भूमिका निर्णायक रही. हमने उनकी पोजीशन का सटीक अनुमान लगाया और उस आधार पर हमला किया.

### अगर भारत को कोई नुकसान हुआ है तो उसके सबूत दिखाइए

एनएसए डोभाल ने विदेशी मीडिया को चुनौती देते हुए कहा, अगर भारत को कोई नुकसान हुआ है तो उसके सबूत दिखाइए - एक भी फोटो, एक भी सैटेलाइट इमेज, जिसमें यह साबित हो सके कि भारत की किसी संपत्ति को क्षति पहुँची हो. यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो तो दिखाइए. उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में ब्रह्मोस मिसाइल, इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, और बैटलफील्ड सर्विलांस तकनीक का अत्यधिक प्रभावी उपयोग किया गया, जो भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और सामरिक क्षमताओं का प्रमाण है.

## एक नजर में



### केन्द्रीय गृह सचिव का बढ़ाया कार्यकाल

**नयी दिल्ली.** केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले वर्ष 22 अगस्त तक बढा दिया है. कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक आदेश में कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी और मौजूदा गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले वर्ष 22 अगस्त तक या अगले आदेश तक बढा दिया है. श्री गोविंद मोहन आगामी 30 सितम्बर को सेवानिवृत होने वाले थे. उन्होंने अगस्त 2024 में यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी.

### अमृतसर में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर.** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) अमृतसर के सहयोग से खासा इलाके में हेरोइन की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. बीएसएफ प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार शाम अमृतसर के खासा इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर बीएसएफ और एएनटीएफ की एक संयुक्त टीम ने एक तस्कर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया. उसके पास से हेरोइन (लगभग 1 किलोग्राम वजन), दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है.

### प्रिंसिपल की हत्या मामले में चार नाबालिग गिरफ्तार

**हिसार.** हरियाणा के नारनौंद स्थित करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर सिंह की हत्या के मामले में चार नाबालिग छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. हत्या की यह घटना दो दिन पहले स्कूल परिसर में हुई थी, जहां दो छात्रों ने प्रिंसिपल को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी. हांसी एसपी अमित यशवर्धन ने प्रेस वार्ता में बताया कि चारों आरोपियों ने घटना को पूर्व नियोजित रूप से अंजाम दिया. दो छात्रों ने हत्या की और अन्य दो ने हथियार उपलब्ध कराए. सभी आरोपी स्कूल अनुशासन से नाराज थे, विशेषकर प्रिंसिपल द्वारा बाल कटवाने और बैग चेकिंग पर सख्ती बरती थी.

### निजी हाथों में जाएगा आईडीबीआई बैंक


**नयी दिल्ली.** केंद्र सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया लिमिटेड (आईडीबीआई) बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है. तीन साल से जारी रणनीतिक बिक्री का यह प्रयास अक्टूबर 2025 तक पूरा हो सकता है. एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, शेयर खरीद समझौते पर चर्चा पूरी हो चुकी है, और अब सरकार जल्द ही वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने जा रही है. आईडीबीआई बैंक में भारत सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है. अक्टूबर 2022 में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे.

# अस्त्र मिसाइल सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली 11 जुलाई. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ ) और वायु सेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का शुक्रवार को सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया.**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओड़िशा के तट से परीक्षण किया गया. परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाये गये और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा.

अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है. डीआरडीओ की




विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षण के लिए सभी टीमों को बधाई दी.

# एसआईए ने 30 ठिकानों पर मारे छापे

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग पर बड़ी कार्रवाई

**जम्मू, 11 जुलाई. जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण को लेकर राज्य जांच एजेंसी ( एसआईए ) ने बुधवार को बड़ा अभियान चलाया. 2022 में दर्ज एफआईआर संख्या 12/2022 के तहत जम्मू, डोडा और हंदवाड़ा में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई. इस कार्रवाई का उद्देश्य क्रिप्टोकरंसी के माध्यम से सीमा पार से आतंकियों को धन पहुंचाने की साजिश को उजागर करना था.**

एसआईए को खुफिया जानकारी मिली थी कि आतंकी संगठन युवाओं को उकसाने और हिंसक गतिविधियों को अंजाम




देने के लिए डिजिटल मुद्राओं का इस्तेमाल कर रहे हैं. इसी सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस और मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में छापे मारे गए. छापों के दौरान एजेंसी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़, बैंक दस्तावेजों और कई आपत्तिजनक सामग्री मिली है, जिससे आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहयोगियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है.

### बांदीपोरा में पुलिस ने 3.59 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क की

श्रीनगर, 11 जुलाई . जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में पुलिस ने शुक्रवार को 3.59 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्ति को आतंकवादी गतिविधियों से अर्जित बताते हुए कुर्क कर दिया. पुलिस ने बताया कि यह कुर्की बांदीपोरा थाने में दर्ज प्राथमिकी संख्या 168/2022 के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत की गयी.

# बिहार चुनाव को लेकर मंथन

## कांग्रेस 12 को पटना और 14 को दिल्ली में करेगी बैठक

**नयी दिल्ली,11 जुलाई. 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है. 12 जुलाई को पटना में महागठबंधन की अहम बैठक बुलाई गई है, जिसमें आरजेडी, कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के नेता चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर मंथन करेंगे.**

इसके दो दिन बाद, 14 जुलाई को दिल्ली में कांग्रेस की बड़ी बैठक होगी. इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, सांसद और सीएलसीपी नेता शकील अहमद खान शामिल होंगे. बैठक में सीट शेयरिंग, उम्मीदवार चयन और संगठन की मजबूती जैसे विषयों पर चर्चा होगी. कांग्रेस का फोकस इस बार ग्रामीण



और युवा वोटरों को साधने पर है. पार्टी, आरजेडी और वामपंथी दलों के साथ तालमेल बनाकर एनडीए को चुनौती देने की रणनीति पर काम कर रही है. हालांकि, आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर तनाव की खबरें भी हैं. 14 जुलाई की बैठक के बाद कांग्रेस बिहार में ग्राउंड लेवल कैंपेन और संगठन विस्तार की योजना को अंतिम रूप देगी.

# 22 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

- नारायणपुर जिले में 37.50 लाख रुपए के इनामी
- हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा में लौट रहे

**रायपुर 11 जुलाई.छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 37.50 लाख के इनामी समेत कुल 22 नक्सलियों ने शुक्रवार को सामूहिक आत्मसमर्पण किया है. इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के ऊपर 50 हजार रुपए से लेकर आठ लाख तक के इनाम घोषित थे.**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, लोग अब बंदूक नहीं, विकास की राह पर




साथ चलना चाहते हैं. हमारी सरकार में अब तक कुल 1476 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं. साय ने कहा, यह हमारी सरकार की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की सकारात्मकता का प्रमाण है. 'नियद नेल्लानार' जैसी योजनाओं ने विश्वास जगाया है जिससे लोग हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं. इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए हम पूर्णत: संकल्पित हैं. डबल इंजन की सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है.


### देहरादून में 125 किलो डायनामाइट बरामद, तीन गिरफ्तार

**देहरादून, 11 जुलाई.** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के त्यूणी क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ऑल्टो कार से 125 किलो डायनामाइट बरामद किया है. कार में सवार तीनों युवक रिंकू, रोहित और सुनील बताया जा रहे है. ये तीनों हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं. इनके पास से विस्फोटक सामग्री के वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया. यह कार्रवाई शुक्रवार को उस समय हुई जब त्यूणी पुलिस कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र सघन चेकिंग अभियान चला रही थी. कार से 5 पेटी डायनामाइट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं.

# मोदी 51 हजार को देंगे नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली,11 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 16 वें रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे.**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि मोदी इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे. रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है. रोज़गार मेला युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं. यह रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा.



### सीएम आज एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को देंगे राशि

**भोपाल, 11 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 12 जुलाई को उज्जैन की कालिदास अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे. मुख्यमंत्री एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित करेंगे.

पहल | आदिवासियों की जीवनधारा को मुख्यधारा से जोड़ने में जुटा माई होम इंडिया

# जनजाति बाहुल्य इलाकों के लिए बड़ी कार्ययोजना तैयार

प्रवेश कुमार मिश्रा

**नयी दिल्ली, 11 जुलाई. उत्तर-पूर्वी राज्यों के सुदूर इलाकों में अपने परंपरागत जीवनशैली को ही आधार बनाकर गुजर-बसर करने को बेबस आदिवासी व जनजाति समुदाय के लोगों को बहुमुखी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के सफल प्रयोग के बाद माई होम इंडिया नामक स्वंयसेवी संस्था अब मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार जैसे राज्यों के आदिवासी व जनजाति बाहुल्य इलाकों के लिए बड़ी कार्ययोजना तैयार कर रही है.**

माई होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर ने पिछले दिनों नवभारत से हुई विशेष बातचीत में बताया कि उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न हिस्सों में उपेक्षित भावना से किनारे पड़े लोगों के बीच जागरूकता पैदा करके एकजुटता व एकरूपता के साथ हरेक वर्ग के बीच भावनात्मक एकीकरण को जागृत करना है.

देवधर ने बताया कि संघ के बुनियादी सोच को आत्मसात कर विभिन्न इलाकों में समाजसेवा के




बाद बतौर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव पद पर कार्य करते समय उन्हें आदिवासी व जनजाति समुदाय के लोगों के मन में बैठी उपेक्षा की भावना को समझने का मौका मिला था. उसके बाद से ही उन्होंने माई होम इंडिया की स्थापना कर उत्तर-पूर्वी राज्यों में आदिवासियों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए वर्षों तक जमीनी स्तर पर कार्य किया. माई होम इंडिया के बैनर तले आदिवासियों के सुंदर व जुझारू अतीत को याद कराते हुए उनके पूर्वजों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में किए अविस्मरणीय योगदान को यादगार बनाए रखने के उद्देश्य से दिल्ली में हूल दिवस का आयोजन कर उनके बीच भावनात्मक और सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया. इस प्रयास के कारण उत्तर-पूर्वी राज्यों के जनजातियों व आदिवासियों के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना का पुनरुदय हुआ और वे देश के विकास की यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगे. कहा जाता है कि माई होम इंडिया के अथक व अनवर प्रयास किसी न किसी रूप में उत्तरपूर्वी राज्यों में भाजपा की राजनीतिक मौजूदगी में सहायक साबित हुई. देवधर ने बताया कि इतिहास के पन्नों में दफन हो चुके आदिवासी व जनजाति समुदाय के महान सेनानियों के योगदान को याद कराते हुए मौजूदा समय में उन्हें जागरूक करने का कार्य झारखंड के विभिन्न हिस्सों में चल रहा है.

# यूएई से लेकर आई सीबीआई

## नारकोटिक्स मामले का आरोपी मुस्तफा

**नयी दिल्ली,11 जुलाई. केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) एक सफल अभियान में नारकोटिक्स मामले के वांछित अपराधी कुब्बावाला मुस्तफा को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई ) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आयी.**

सीबीआई ने बताया कि उसने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कुब्बावाला मुस्तफा की वापसी का सफलतापूर्वक समन्वय किया है. कुब्बावाला मुस्तफा मुंबई पुलिस का वांछित अपराधी है. सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस के तहत वांछित कुब्बावाला मुस्तफा



को सफलता पूर्वक भारत वापस लेकर आयी है. मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम कुब्बावाला मुस्तफा को वापस लाने के लिए से जुलाई को दुबई गई थी.

यह टीम शुक्रवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुँची. सीबीआई द्वारा इंटरपोल के माध्यम से एनसीबी-अबू धाबी के साथ गहन कार्रवाई के माध्यम से पहले ही यूएई में इस अपराधी का पता लगा लिया गया था.